संख्या-45/2016-1300ई-2/तेरह-2016-75/2012

प्रेषक,

विनोद कुमार तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मेरठ।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 05 जुलाई,2016

विषय:-जनपद मेरठ में बार अनुज्ञापन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन को सम्बोधित एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को पृष्ठांकित आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ के पत्र संख्या-703/आबकारी/बार अनुज्ञापन, दिनांक 07 मई,2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भगत प्रकरण में जिला बार समिति की बैठक दिनांक 06-5-2016 में की गई संस्तुति एवं इसी संदर्भ में आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-जी 49/दस-लाइसेंस-60/एफ0एल0-6,7/(खण्ड-2) बार अनु0/मेरठ, दिनांक 25 मई,2016 में की गई संस्तुति व अन्य सुसंगत अभिलेखों पर सम्यक् विचारोपरान्त वर्ष 2016-17 के लिये मेसर्स गॉडविन टूरिज्म प्रा0लि0, खसरा नम्बर-423/1, ग्राम रामपुर पाउटी, मेरठ द्वारा संचालित होटल, गॉडविन, खसरा नम्बर 423/1, ग्राम रामपुर पाउटी, मेरठ को एफ0एल0-6(समिश्र) बार अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने की अनुमति एतदद्वारा प्रदान की जाती है।

अत: कृपया प्रकरण में आगामी कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(विनोद कुमार तिवारी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-45/2016-1300(1)ई-2/तेरह-2016-75/2012 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-जी 49/दस-लाइसेंस-60/एफ0एल0-6,7/(खण्ड-2) बार अनु0/मेरठ, दिनांक 25 मई,2016 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
(विनोद कुमार तिवारी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।